आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इब्सा को तीन महाद्वीपों और लोकतंत्रों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच बताया।
- निर्वाचन आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण में पचास करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए गए।
- राजधानी श्री विजयपुरम में सरस मेला उत्साह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ।
- पर्यटकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने के लिए फिर से जहाज नालंदा की समय–सारणी जारी की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत–ब्राजील–दक्षिण अफ्रीका अर्थात इब्सा केवल तीन देशों का समूह नहीं है, बल्कि तीन महाद्वीपों, तीन प्रमुख लोकतंत्रों और तीन बडी अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि तीनों देश एक–दूसरे के विकास के पूरक बन सकते हैं और सतत विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकते हैं। जोहान्सबर्ग में भारत–ब्राजील–दक्षिण अफ्रीका के नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मोटे अनाज, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रतिरोधक क्षमता, हरित ऊर्जा, पारंपरिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सुरक्षा में सहयोग के अवसरों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने आतंकवाद–निरोध पर, घनिष्ठ समन्वय की आवश्यकता पर बल भी दिया और कहा कि आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 नेताओं का शिखर सम्मेलन कल शाम संपन्न हो गया। यह सम्मेलन "एकजुटता, समानता और स्थिरता" विषय पर आधारित था। इस वर्ष का शिखर सम्मेलन पहली बार अफ्रीकी महाद्वीप में आयोजित किया गया। शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी को वित्त–केंद्रित के बजाय मानव–केंद्रित, राष्ट्रीय के बजाय वैश्विक और विशिष्ट मॉडलों के बजाय ओपन–सोर्स पर आधारित होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने सतत विकास, विश्वसनीय व्यापार, निष्पक्ष वित्त और सभी के लिए समृद्धि सुनिश्चित करने वाली प्रगति के महत्व पर बल दिया। उन्होंने शिखर सम्मेलन से हटकर कई द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय बैठकें कीं। इस वर्ष जी–20 घोषणापत्र में दो हजार तेईस में भारत की अध्यक्षता के दौरान सुनिश्चित की गईं प्रमुख प्राथमिकताओं को शामिल किया गया।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने बताया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण – एस आई आर दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से मतदाताओं के बीच पचास करोड़ सैंतालीस लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह संख्या इस चरण में शामिल लगभग इक्यावन करोड़ मतदाताओं के निन्यानब्बे प्रतिशत से अधिक है। मतदाता सूचियों के एस आई आर का दूसरा चरण इस महीने की चार तारीख को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू किया गया था। मतदाता सूचियों का यह व्यापक पुनरीक्षण कार्य अगले वर्ष सात फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अब श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के संयुक्त सचिव और सहकारिता विभाग के उप पंजीयक को ए ई आर ओ बनाया गया है। इसके साथ ही दक्षिण अंडमान के सहायक आयुक्त को शहरी क्षेत्र–एक, संयुक्त सचिव को शहरी क्षेत्र–दो और सहकारिता विभाग के उप पंजीयक को ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। ये अधिकारी अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची तैयार करने, उसे जांचने और सही रखने में मुख्य अधिकारी की मदद करेंगे। लोगों से अनुरोध किया गया है कि विशेष पुनरीक्षण अवधि में वे अपने मतदाता विवरण सही कराने के लिए संबंधित ए ई आर ओ से संपर्क करें।

<><><><><><><>

सरस मेला कल रात उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में आरपीडी निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने प्रतिभागियों और आयोजकों को सम्मानित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला ने वातावरण को जीवंत कर दिया।

कार निकोबार से क्लस्टर समन्वयक एन पॉल के साथ एस एच जी सदस्यों ने मधुर गीत प्रस्तुत किया, जबकि प्रातरापुर ब्लॉक के सिप्पीघाट और ननकौड़ी समूह के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर फरारगंज की बीडीओ ललिता तिग्गा भी उपस्थित रहीं।

<><><><><><><>

पर्यटकों की मांग को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने दिसम्बर माह के लिए बैरन द्वीप पर परिक्रमा यात्रा की समय सारणी जारी की है। यह विशेष क्रूज दक्षिण एशिया के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी के दर्शन का दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा। जहाज नालंदा बारह और छब्बीस दिसम्बर को रात नौ बजे प्रस्थान करेगा। टिकट जहाजरानी विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल पर चौबीस नवम्बर से उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

आठवें नैचुरोपैथी दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य निदेशालय और राज्य आयुष सोसायटी ने आयुष स्वास्थ्य कर्मियों के लिए राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किया। स्वास्थ्य सचिव ने वेबिनार का उद्घाटन किया। विशेषज्ञों ने प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों, योग, संतुलित आहार और सूर्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही वंडूर में माताओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर तथा सफाई अभियान पर पद यात्रा का आयोजन हुआ।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास निदेशालय में ई–ग्राम स्वराज पोर्टल पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। मंत्रालय के विशेषज्ञों ने पी एफ एम एस समेकन और डिजिटल वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पंचायती राज कर्मियों और लेखा प्रभारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत प्रगतिशील ग्रामीण उद्यमिता और सतत आजीविका विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जन प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह और समुदाय संसाधन व्यक्तियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय सत्ताईस नवंबर से पहली दिसंबर तक श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में चौबीसवें राज्य विद्यालय खेल और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए नौवीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। उद्घाटन समारोह अट्ठाईस नवंबर को शाम चार बजे होगा, जिसमें प्रशासन के मुख्य सचिव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह एक दिसंबर को दोपहर तीन बजे आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

विम्बर्लीगंज में आयोजित राष्ट्रीय एकता पदयात्रा में सात सौ से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम स्टीवर्टगंज से आरंभ होकर मिनी स्टेडियम में संपन्न हुआ। अतिथियों ने सरदार पटेल के योगदान और सामाजिक एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर बाल रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में भारी वर्षा तथा गरज के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। नागरिकों को अट्ठाईस नवम्बर तक सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

सरस मेला की उत्साहपूर्वक सम्पन्न होने के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों में जगह मिली है। द डेली टेलीग्राम्स ने इस खबर के अलावा निकोबार जिले के चिकित्सा अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को व्यस्क बी सी जी टीकाकरण पर प्रशिक्षण प्रदान करने के समाचार को अंतिम पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है। पर्यटन विभाग द्वीप पर्यटन महोत्सव दो हजार पच्चीस के लिए स्टॉलों का आवंटन करेगा—द्वीप समाचार ने इस समाचार को पहले पन्ने में निचले भाग में प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने मुख्य सचिव के बाराटांग का दौरा करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। बकुलतला में स्मार्ट बिजली समाधान लागू करने पर निवासियों और पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों ने बिजली विभाग की सराहना की—इंफो इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>